# प्री–बोर्ड परीक्षा 2024–25
## सामाजिक विज्ञान
## कक्षा–10

समय–3घंटे

पूर्णांक–75

निर्देश– (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए 30 अंक निर्धारित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(4) प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा अधिकतम 30 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 3 क का है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा अधिकतम 75 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा अधिकतम 120 शब्द है।

(7) प्रश्न क्रमांक 23 मानचित्र आधारित प्रश्न है।

**प्र01. सही विकल्प का चयन कीजिए–** 6

(1) लौह अयस्क निम्न प्रकार का संसाधन है–
(1) नवीकरण योग्य (2) प्रवाह (3) जैव (4) अनवीकरण योग्य

(2) निम्नलिखित में से चावल फसल है–
(1) खरीफ फसल (2) रबी फसल (3) जायद फसल (4) नगदी फसल

(3) 1871 के बाद यूरोप में गंभीर राष्ट्रवादी तनाव का स्त्रोत था–
(1) बाल्कन क्षेत्र (2) राइनलैंड (3) ब्रिटिश द्वीप समूह (4) दक्षिण इटली

(4) पहली भारतीय जूट मिल स्थापित की गई–
(1) बिहार में (2) गुजरात में (3) बंगाल में (4) महाराष्ट्र में

(5) बेल्जियम में सामुदायिक सरकार का चुनाव इस भाषा को बोलने वाले लोग करते है–
(1) सिंहली, तमिल और हिन्दी (2) फ्रेंच, डच और जर्मन
(3) अंग्रेजी, सिंहली और तमिल (4) अरबी, अंग्रेजी और स्पेनिश

(6) सतत विकास इस संसाधन के अधिक उपयोग पर केंद्रित है–
(1) अक्षय संसाधन (2) जैविक संसाधन
(3) कृषि संसाधन (4) प्राकृतिक संसाधन

**प्र02. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** 6

(1) चीनी उद्योग का कच्चा माल..................है।

(2) कैरोल कुर्पिस्की का संबंध..................राष्ट्र से है।

(3) संख्या में बड़े समूह के द्वारा अपनी मर्जी छोटे समूह पर थोपना................ कहलाता है।

(4) ..................देशों में सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी का स्तर काफी ऊँचा है।

https://www.mpboardonline.com

(5) नागरिकों के लिए सूचनाओं को साझा.......................व्यवस्था में किया जाता है।

(6) ..............क्षेत्रक के अधिकांश श्रमिकों को रोजगार सुरक्षा प्राप्त होती है।

**प्र03. सही जोड़ियाँ बनाइये–** 6

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | अफीम | – | (1) दीनदयाल उपाध्याय पत्तन |
| (2) | एल्यूमीनियम | – | (2) संघवाद |
| (3) | बारदोली सत्याग्रह | – | (3) विश्व बैंक |
| (4) | औसत आय | – | (4) गुजरात |
| (5) | दो स्तर की सरकार | – | (5) बॉक्साइट |
| (6) | कांडला | – | (6) चीन |

**प्र04. एक वाक्य में उत्तर लिखिए–** 6

(1) रक्षक मेखला क्या होती है ?

(2) 2025 तक कितने लोग जल की नितांत कमी झेलेंगे ?

(3) चौरी–चौरा कांड किस वर्ष हुआ था ?

(4) धर्म के आधार पर भेदभाव न करने वाले व्यक्ति को क्या कहते है ?

(5) लोकतान्त्रिक सरकार को वैध सरकार क्यों कहते हैं ?

(6) जमाकर्ता और कर्जदार के बीच मध्यस्थता की तरह कौन कार्य करता है ?

**प्र05. सत्य/असत्य लिखिए–** 6

(1) झूम खेती से वनों को कोई नुकसान नहीं होता है।

(2) 1932 में पूना समझौता गाँधी जी और लार्ड इरविन के बीच हुआ था।

(3) फ्रांस की खोज क्रिस्टोफर कोलम्बस ने की।

(4) लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक समानता पर आधारित होती है।

(5) मध्यवर्ती वस्तुएं, अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के निर्माण में इस्तेमाल की जाती हैं ?

(6) भारत में उदारीकरण 1991 से आरंभ हुआ।

प्र06. सतत पोषणीय विकास का क्या अर्थ है ? 2

अथवा

परती भूमि से क्या अभिप्राय है ?

प्र07. गहन जीविका कृषि को परिभाषित कीजिए ? 2

अथवा

रोपण कृषि किसे कहते हैं ?

प्र08. विनिर्माण किसे कहते हैं ? 2

अथवा

आधारभूत उद्योग के दो उदाहरण लिखिए।

प्र09. भारत में बनाए गए कोई चार डाक मार्गों के नाम लिखिए। 2

अथवा

https://www.mpboardonline.com

पवनहंस, भारत के किन क्षेत्रों में अपनी सेवाएँ उपलब्ध कराता है।

प्र010. भारतीय और विदेशी सभी फिल्मों को प्रमाणित करने का अधिकार किसके पास है ? 2

अथवा

सीमांत सड़क संगठन क्या है ?

प्र011. सड़क परिवहन के कोई दो महत्व लिखिए। 2

अथवा

रेल परिवहन कहाँ पर अत्यधिक सुविधाजनक परिवहन साधन है तथा क्यों ?

प्र012. प्राचीन काल में मानव समाज आपस में कैसे जुड़े थे ? 2

अथवा

कॉर्न लॉ क्या था ?

प्र013. फ्लाई शटल क्या था ? 2

अथवा

स्पिनिंग जेनी क्या आशय है ?

प्र014. चैपबुक से क्या आशय है ? 2

अथवा

कोरियाई किताब 'जिक्जी' की दो विशेषताएं लिखिए।

प्र015. पाण्डुलिपियाँ क्या थीं ? https://www.mpboardonline.com 2

अथवा

मार्टिन लूथर कौन थे ?

प्र016. किसी देश का सकल घरेलू उत्पाद कैसे प्राप्त किया जाता है ? 2

अथवा

संगठित क्षेत्र की दो विशेषताएँ बताइए।

प्र017. उदारीकरण से क्या तात्पर्य है ? 2

अथवा

विश्व व्यापार संगठन क्या है ?

प्र018. वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम 1972 के प्रमुख तीन प्रावधान लिखिए। 3

अथवा

पर्यावरण विनाश के प्रमुख कारक कौन-कौन से हैं ? स्पष्ट कीजिए।

प्र019. 1992 के संविधान संशोधन के बाद स्थानीय शासन में आए तीन महत्वपूर्ण अंतरों को लिखिए। 3

अथवा

संघवाद या संघीय शासन व्यवस्था क्या है ? इसकी कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र020. भारत में ऋण के औपचारिक स्त्रोतों को बढ़ाने की जरूरत क्यों है ? 3

https://www.mpboardonline.com

अथवा

गरीबों के लिए स्वयं सहायता समूहों के संगठन के पीछे मूल विचार क्या हैं ? व्याख्या कीजिए।

प्र021. अवध का किसान आंदोलन खेड़ा और चम्पारन के किसान आंदोलन से किस प्रकार भिन्न था ? 4

अथवा

"सामाजिक अपंगता को राजनीतिक सशक्तिकरण से ही दूर किया जा सकता है।" स्पष्ट कीजिए।

प्र022. बहुदलीय प्रणाली क्या है ? बहुदलीय प्रणाली ने भारत में लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया है ? 4

अथवा

राजनीतिक दलों के सामने क्या चुनौतिया हैं ? स्पष्ट कीजिये।

प्र023. निम्नलिखित को भारत के मानचित्र में अंकित कीजिए– 4

(1) अमरकंटक

(2) मुबई हाई

(3) डिगबोई

(4) विशाखापट्टनम

अथवा

निम्नलिखित को भारत के मानचित्र में अंकित कीजिए–

(1) कटनी

(2) मयूरभंज

(3) एच वी जे प्राकृतिक गैस पाइप लाइन

(4) तारापुर

https://www.mpboardonline.com